दिनांक : 16/08/2026 समय :7.10 एएम

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार:-

1. कल देश भर में धूमधाम से मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस
2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर अपने संबोधन में महिलाओं के लिए आरक्षण पर जोर दिया
3. स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश की विभिन्न जेलों में सजा काट कर रहे कुल 115 बंदियों को रिहा किया गया
4. जबलपुर, शहडोल, सागर और रीवा संभाग के कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी

.......................................................................

प्रधानमंत्री महिला आरक्षण

देश भर में कल हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस का पर्व मनाया गया। पहली बार, इस अवसर पर राष्ट्र गीत वंदे मातरम का गायन हुआ। इस वर्ष के आयोजन में, 2047 तक विकसित भारत बनाने में युवाशक्ति की भूमिका पर बल दिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की है कि संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करने के मुद्दे को राजनीतिक लड़ाई न बनाया जाए। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले के प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी दल आगे आएं और महिलाओं को सम्मान देते हुए यह सुनिश्चित करें कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को जल्द से जल्द तैंतीस प्रतिशत प्रतिनिधित्व मिले।

.......................................................................

मुख्यमंत्री- स्वतंत्रता दिवस

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज के दौर का भारत एक शक्तिशाली राष्ट्र है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वतंत्रता दिवस की वर्षगांठ पर कल रविंद्र भवन में "आजादी का महापर्व" कार्यक्रम में कहा कि आज के दौर के भारत की सेना देश के दुश्मनों को उनकी सीमा के अंदर जाकर मारने की हिम्मत रखती है। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व के कारण संभव हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के नक्सलमुक्त होने के बाद की स्वतंत्रता की वर्षगांठ विशेष आनंद का कारण बनी है। संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रख्यात गायिका पद्मश्री कविता कृष्णमूर्ति ने देशभक्ति गीतो की प्रस्तुति दी।

.......................................................................

बंदी रिहा

प्रदेश शासन जेल विभाग की समय पूर्व रिहाई नीति, के तहत कल 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश की विभिन्न जेलों में सजा काट रहे कुल 115 बंदियों को रिहा किया गया। इनमें 110 पुरुष बंदी एवं पांच महिला बंदी शामिल हैं। यह रिहाई जेल में निरूद्ध रहने के दौरान बंदी के अच्छे आचरण, अनुशासित व्यवहार और निर्धारित नियमों के पालन के आधार पर दी गई है।

.......................................................................

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी आज यूजीसी-नेट जून 2026, सी.एस.आई.आर-नेट और आई.सी.ए.आर की अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा के लिए अनंतिम उत्तर कुंजी जारी करेगी। पीएचडी कार्यक्रमों के लिए अखिल भारतीय प्रतियोगी परीक्षा की उत्तर कुंजी भी आज जारी की जाएगी। एजेंसी ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि अनंतिम उत्तर कुंजी आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। एजेंसी ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे केवल एजेंसी की आधिकारिक सूचना पर ही भरोसा करें।

.......................................................................

मांडविया - संवाद

युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कल नई दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान माई भारत-एन.एस.एस स्वयंसेवकों से संवाद किया। उन्होंने सामाजिक सेवा में स्वयंसेवकों के योगदान की सराहना की और उन्हें विकसित भारत के निर्माण से जुड़ी पहलों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों को अपने अनुभव, विचार और आकांक्षाएं साझा करने का अवसर भी मिला। साथ ही राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी और नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए सार्थक अवसर उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता

भी दोहराई गई। कार्यक्रम में करीब पाँच सौ विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। समारोह में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और सामूहिक भागीदारी की भावना देखने को मिली।

...................................................................

सूर्यपथ तिरंगा

पहली बार आयोजित 'सूर्यपथ तिरंगा ग्लोबल रिले' का कल समापन हो गया। यह रिले पूर्व में फिजी से शुरू होकर पश्चिम में अमरीका तक 54 देशों और कई क्षेत्रों से होकर गुजरी। विदेश मंत्रालय के अनुसार, यह पहल 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत आयोजित की गई थी। फिजी स्थित भारतीय उच्चायोग से शुरू हुई इस रिले में एक सूर्योदय से अगले सूर्योदय तक तिरंगे का संदेश दुनिया भर में पहुंचाया गया। रिले का समापन सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास में तिरंगा फहराने के साथ हुआ। इस दौरान 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे होने का भी जश्न मनाया गया। रिले में प्रवासी भारतीयों और भारत के मित्रों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

...................................................................

सुरक्षा पदक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ने कहा है कि पुलिस, प्रदेश में सेवा, सुरक्षा और सुशासन की असली रीढ़ है। मध्यप्रदेश करीब 35 साल बाद नक्सल मुक्त हुआ है। स्वाधीनता दिवस-2026 के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में आयोजित समारोह में उन्होंने कहा कि समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नक्सलवाद मुक्त भारत का संकल्प लिया था। इस संकल्प के साथ मध्य प्रदेश सरकार कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करते हुए आगे बढ़ी। इस अवसर पर राष्ट्रपति के विशिष्ट सेवा पदक, सराहनीय सेवा पदक, सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति के होमगार्ड तथा नागरिक सुरक्षा पदक एवं सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक से अलंकृत पुलिस और होमगार्ड्स के 47 अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया।

...................................................................

उर्वरक भंडारण

प्रदेश में रासायनिक उर्वरको का पर्याप्त भंडारण है। कृषि सचिव निशांत वरवड़े ने बताया कि स्टॉक का मिलान करने के लिये 14 अगस्त की शाम से उर्वरक विक्रय

15 एवं 16 अगस्त को अवकाश के दिनों मे बंद किया गया हैं, मिलान का कार्य तेजी से किया जा रहा हैं, जो 16 अगस्त की शाम तक पूरा हो जाएगा तथा 17 अगस्त से खाद का वितरण प्रारंभ हो जाएगा, किसानों को असुविधा नहीं होगी, आगामी 17 अगस्त से जितनी खाद चाहिए उतनी मिल सकेगी। साथ ही, आगामी 20 अगस्त से हर किसान हर घर, हर खेत खाद अभियान भी प्रारम्भ हो रहा है, जिससे रबी की खाद इसी माह से किसानों को मिलना प्रारम्भ हो जायेगी।

........................................................................

जल शक्ति मंत्रालय - केन-बेतवा

जल शक्ति मंत्रालय ने कहा है की केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित परिवारों को मुआवजा या पुनर्वास न मिलने के आरोप गलत और भ्रामक हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि अधिकांश पात्र परिवारों को पूरा मुआवजा और पुनर्वास लाभ मिल चुका है, और कुछ मामलों में केवल प्रक्रियात्मक औपचारिकताएं शेष हैं। मंत्रालय ने आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार, मध्य प्रदेश सरकार और केन-बेतवा लिंक परियोजना प्राधिकरण वास्तविक रूप से प्रभावित सभी परिवारों के लिए पारदर्शी, न्यायसंगत मुआवजे और सम्मानजनक पुनर्वास सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

........................................................................

टेस्ट क्रिकेट

पुरुष क्रिकेट में भारत आज गॉल अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन अपनी पहली पारी 288 रन पर दो विकेट से आगे बढ़ाएगा। कल खेल समाप्त होने तक देवदत्त पडिक्कल 131 और ऋषभ पंत 27 रन बनाकर नाबाद थे। के.एल. राहुल 77 रन पर रिटायर्ड हर्ट हुए। बारिश के कारण कल खेल केवल 73 ओवर का हो सका। इससे पहले भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था।

........................................................................

सेलिंग चैंपियनशिप

राजा भोज मल्टीक्लास नेशनल सेलिंग चैंपियनशिप (रैंकिंग) के तीसरे संस्करण का समापन आज भोपाल के बोट क्लब में होगा। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास

कैलाश सारंग शामिल होंगे। इस अवसर पर प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर राष्ट्रीय रैंकिंग तय की जाएगी। 11 से 16 अगस्त तक आयोजित इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सेलिंग प्रतियोगिता में देशभर से 100 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के सेलिंग खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

.......................................................................

मौसम

प्रदेश में मानसून एक बार फिर जोर पकड़ रहा है। प्रदेश के पूर्वी हिस्से में स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव होने से जबलपुर, शहडोल, सागर और रीवा संभाग के कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। अगले 24 घंटे में कुछ इलाकों में 4 से 8 इंच तक बारिश हो सकती है। अगले चार दिन तक जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग में सिस्टम का ज्यादा असर रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार को नर्मदापुरम, छतरपुर और उमरिया में अति भारी बारिश का अर्लट जारी किया गया था। वहीं जबलपुर, सागर, रायसेन, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, अनूपपुर, शहडोल, कटनी, पन्ना, टीकमगढ़, रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में भारी बारिश हो सकती है।

.......................................................................

अब कुछ समाचार संक्षेप में.......

1- माधव टाइगर रिजर्व, शिवपुरी में बाघिन एमटी-4 ने शावकों को जन्म दिया है। वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने खुशी जताते हुए कहा है कि बाघ शावकों का जन्म प्रदेश में वन्यजीव संरक्षण के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों का सुखद परिणाम है।
2- खंडवा, आगरमालवा गुना नीमच, धार, डिंडोरी, झाबुआ, सागर सहित प्रदेश के सभी जिलों में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया
3- नर्मदापुरम जिले में दूध और दुग्ध उत्पादों की शुद्धता को लेकर विशेष अभियान के तहत पिछले सात दिनों में करीब 1426 लीटर संदिग्ध घी जब्त किया गया है।

.......................................................................